पेज थ्री देहरादून

देहरादून, शनिवार, 11 सितंबर 2021 पेज 8

# हमारा दून


भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### विकास गर्ग बने उद्योग व्यापार मंडल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष

**संवाददाता** देहरादून। आज व्यापारियों की एक आम सभा तिब्बती मार्केट स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित की गई। जिसमें व्यापारियों के कई मुद्दों को रखा गया। इस बैठक में मुख्यता नए संगठन बनाने पर चर्चा की गई व्यापारियों ने अपने अपने मुद्दों को रखते हुए कहा कि व्यापारिक जगत इस वक्त बहुत परेशान है एक तो कोरोना काल की मार ऊपर से व्यापार और शासन प्रशासन का डंडा जिसे झेलना मुश्किल हो गया है। बैठक की अध्यक्षता विकास गर्ग ने की एवं संचालन अनिल मनोचा ने किया।

### बंगाल के पर्यटकों का पसंदीदा टूरिस्ट डेस्टिनेशन है उत्तराखंड

**संवाददाता** देहरादून। तीन दिवसीय इंटरनेशनल ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर (टीटीएफ) का शुक्रवार को नेताजी इंडोर स्टेडियम कोलकाता में आगाज हुआ। तीन दिवसीय फेयर में देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इंटरनेशनल ट्रैवल एंड टूरिज्म फेयर (टीटीएफ) का मुख्य उद्देश्य भारत में घरेलू पर्यटन को एक मंच पर प्रदर्शित करना है। इस तीन दिवसीय फेयर में उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की ओर से अपर निदेशक विवेक सिंह चौहान ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विवेक सिंह चौहान अपर निदेशक, उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद ने कहा कि नैसर्गिक सौंदर्य से परिपूर्ण उत्तराखंड पश्चिम बंगाल के पर्यटकों के लिए सबसे पंसदीदा टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनता जा रहा है।

### रियलमी ने पहला रियलमी पैड एवं रियलमी ब्लूटूथ स्पीकर प्रस्तुत किए

**संवाददाता** देहरादून। 5जी इनेबल्ड स्मार्टफोन लॉन्च करने वाला भारत के पहले ब्रांड एवं भारत के सबसे तेजी से विकसित होते हुए टेक्नॉलॉजी ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी 8 सीरीज में रियलमी 8एस 5जी और रियलमी 8आई प्रस्तुत किए। ब्रांड ने अपनी पहली टेबलेट, रियलमी पैड और पहले स्पीकर, रियलमी कॉबल ब्लूटूथ स्पीकर एवं रियलमी पॉकेट ब्लूटूथ स्पीकर भी लॉन्च किए। रियलमी 8एस 5जी मीडियाटेक डायमेंसिटी 810 5जी प्रोसेसर के साथ दुनिया के पहले स्मार्टफोन के रूप में इसके 5जी पोर्टफोलियो का विस्तार करता है।

# जहां आऊंगा वहां दफ्तरों का करूंगा औचक निरीक्षण

**शिलान्यास**

■ उत्तराखण्ड के अगले 10 वर्ष के विकास का रोड मैप तैयार कर रही सरकारः मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को रुड़की स्थित नेहरु स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में कुल 5871.17 लाख की 56 योजनाओं का लोकार्पण एवं 1206.99 लाख की कुल 11 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हमारी सरकार उत्तराखण्ड को आदर्श राज्य बनाना चाहती है, इसके लिए राज्य के विकास का अगले 10 वर्ष का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा रुड़की में मिनी स्टेडियम और जिला अस्पताल बनाने समेत कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि रुड़की का अपना अद्भुत इतिहास है। सबसे पुरानी सैन्य छावनी और आईआईटी औद्योगिक संस्थान यहां स्थित है। इस ऐतिहासिक नगर के विकास में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि राज्य की कार्य संस्कृति में सुधार किया जा रहा है। अधिकारियों की जनता के प्रति जवाबदेही तय करने के लिए उन्हें हर कार्य दिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार नो पेंडेंसी को आधार बनाकर कार्य करेगी। दफ्तरों में ज्यादा मामले लंबित तो नहीं हैं इसे देखने के लिए मैं खुद जहां जाऊंगा वहां औचक निरीक्षण करूंगा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों में देश सुरक्षित है। उनके कार्यकाल में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए और दुनिया में भारतवर्ष का गौरव भी बढ़ा। हमारी राज्य सरकार भी मोदी जी के पदचिन्हों पर चलते हुए उत्तराखण्ड की निरंतर प्रगति कर रही है। हमारी सरकार ने कोरोना से प्रभावित सभी क्षेत्रों के लोगों को राहत पैकेज की घोषणा की है। पर्यटन, स्वास्थ्य, परिवहन और आजीविका के क्षेत्र में राज्य सरकार ने करोड़ों की राहत राशि प्रदान की है। कोरोना की लड़ाई में अभूतपूर्व योगदान देने वाले कार्मिकों को भी सम्मान राशि देकर प्रोत्साहित किया गया है। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा शुरू न हो पाने से लाखों लोगों की आजीविका प्रभावित हुई है। सरकार जल्दी से जल्दी यात्रा शुरू करवाने के गंभीर प्रयास कर रही है। इसके लिए सरकार हाईकोर्ट में महत्वपूर्ण तथ्य और दस्तावेज पेश करेगी।



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुड़की क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं भी की। जिसके तहत विधानसभा क्षेत्र रुड़की के अंतर्गत नेहरू स्टेडियम रुड़की को सुदृढ़ीकरण कर मिनी स्टेडियम के रूप में विकसित किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र रुड़की के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज रुड़की को ब्लॉक एवं विद्यालय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजनों हेतु स्कूल के ग्राउंड में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की स्थापना, के साथ ही इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट और रनिंग ट्रैक बनाया जाएगा। रुड़की विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जल संस्थान रुड़की सीवरेज योजना के तहत रख रखाव एवं अनुरक्षण कार्य हेतु धन राशि प्रदान की जाएगी। सिविल लाइन रुड़की में नजूल भूमि के सम्बंध में जांच कराकर नए सिरे से शासनादेश जारी किया जाएगा। रुड़की स्थित संयुक्त चिकित्सालय की कमियों को दूर करते जिला अस्पताल में उच्चीकृत किया जाएगा।

### विधानसभा वार शिलान्यास एवं लोकार्पण

मुख्यमंत्री धामी ने रुड़की विधानसभा हेतु कुल 2413.07 लाख की 29 योजनाओं का लोकार्पण एवं 274.85 लाख की 3 योजनाओं का शिलान्यास किया। झबरेड़ा विधानसभा हेतु कुल 3212.07 लाख की कुल 25 योजनाओं का लोकार्पण एवं 727.12 लाख की कुल 7 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। भगवानपुर विधानसभा हेतु 246.03 लाख की 2 योजनाओं का लोकार्पण किया। इसके अलावा पिरान कलियर विधानसभा हेतु 205.02 लाख की 1 योजना का शिलान्यास किया।

# 10 बेड के आईसीयू एवं 2 ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का लोकार्पण

**लोकार्पण**

■ 2 करोड़ 60 लाख 10 आईसीयू बेड की व्यवस्था राज्य आपदा मोचन निधि मद से की गई

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उप जिला चिकित्सालय रुड़की में 10 बेड के आईसीयू एवं 500 लीटर प्रति मिनट के 2 ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट का लोकार्पण किया। रुड़की उप जिला चिकित्सालय में 02 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से 10 आईसीयू बेड की व्यवस्था राज्य आपदा मोचन निधि मद से की गई है। जिन 2ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट की स्थापना की गई है, उनमें से एक पीएम केयर फंड से निर्मित तथा एक प्लांट की स्थापना सीएसआर मद से की गई है। इसके अलावा 4400 लीटर की क्षमता के मेडिकल लिक्विड ऑक्सीजन की स्थापना भी चिकित्सालय में की गई है।



इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, स्वामी यतीश्वरानंद, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक प्रदीप बत्रा, संजय गुप्ता, मेयर गौरव गोयल, जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### मंत्री के निर्देश पर जलसंस्थान व स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची मौके पर

**संवाददाता** देहरादून। वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश रावत द्वारा पेयजल मंत्री बिशन सिंह चुफाल को कैंट विधानसभा क्षेत्र के शास्त्रीनगर क्षेत्र में हो रही दूषित पेयजल आपूर्ति की समस्या से अवगत कराया गया। श्री रावत ने कहा कि घरों में लगे नलकों में दूषित पानी आने से डायरिया एवं अन्य बीमारियों का प्रकोप बढ़ने का खतरा बना हुआ है। मंत्री जी के निर्देश पर जल संस्थान व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी वहां पहुंचे, जिनको कि भाजपा नेता दिनेश रावत द्वारा पूरे शास्त्रीनगर क्षेत्र का भ्रमण कराकर आम जनता से सीधे संवाद करवाया गया। लोगों ने अधिकारियों को क्षेत्र की दूषित पेयजल आपूर्ति, सीवर लीकेज व अन्य समस्याओं के बारे में बताया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम को भी क्षेत्र के बीमार लोगों से मिलाया गया व अवगत कराया गया कि क्षेत्र में करीबन 150 लोग बीमार हैं, जबकि बच्चों समेत 7 लोगों की मृत्यु की सूचना है।

**In a Digital World Why To wait for a Howker**

**Visit Us at http://app.page3news.co.in**

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।